# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

**पर्यावास भवन, सेक्टर – 19,**
**नवा रायपुर अटल नगर, जिला– रायपुर (छ.ग.)**
**Email - hocecb@gmail.com**

क्रमांक 7071/तक. /मु./छ.ग.प.सं.मं/2019 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 19/11/2019

प्रति,

1. संचालक,
   नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,
   संचालनालय, इंद्रावती भवन,
   **नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर**

2. संचालक,
   उद्योग संचालनालय,
   उद्योग भवन, रिंग रोड क्रमांक 01,
   **तेलीबांधा, जिला–रायपुर**

विषय :– छत्तीसगढ़ राज्य की नदियों के प्रदूषित भाग के पुर्नरुद्धार हेतु गठित "River Rejuvenation Committee" की बैठक का कार्यवाही विवरण।

---:: 00 ::---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ राज्य की नदियों के प्रदूषित भाग के पुर्नरुद्धार हेतु तैयार कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु गठित "River Rejuvenation Committee" की दिनांक 16/10/2019 को विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार कर पत्र के साथ संलग्न कर कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

**सदस्य सचिव**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृ. क्र. 7072/तक./मु./छ.ग.प.सं.मं/2019 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 19/11/2019

प्रतिलिपि :–

विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

**सदस्य सचिव**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

विषय :— छत्तीसगढ़ राज्य की नदियों के प्रदूषित भाग के पुर्नरूद्वार के लिए गठित "River Rejuvenation Committee" की दिनांक 16/10/2019 को सम्पन्न बैठक का कार्यवाही विवरण।

------00—00------

छत्तीसगढ़ राज्य की नदियों के प्रदूषित भाग के पुर्नरूद्वार के लिए बनाई गयी कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा हेतु "River Rejuvenation Committee" की बैठक का आयोजन दिनांक 16/10/2019 को विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों की जानकारी संलग्नक—1 अनुसार है। विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा कार्ययोजना की क्रियान्वयन प्रगति की प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन किया गया। अवलोकन उपरांत विशेष सचिव द्वारा नगरीय प्रशासन के उपस्थित प्रतिनिधियों को नगर निगम, कोरबा क्षेत्र में किये गये वृक्षारोपण की जानकारी तथा नदियों के प्रदूषित भाग में प्लास्टिक अपशिष्ट को डम्प करने से रोकने हेतु की गई कार्यवाही एवं उक्त बाबत् किये गये जुर्माने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। विशेष सचिव द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश एवं उद्योग विभाग से रेनवाटर हारवेस्टिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त किये जाने बाबत् भी निर्देशित किया गया। विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा पत्र दिनांक 26/09/2019 के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में तैयार कार्ययोजना की क्रियान्वयन प्रगति की जानकारी चाही गई है। उक्त के संबंध में आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वाणिज्य

एवं उद्योग विभाग, वन विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र दिनांक 14/10/2019 के माध्यम से सूचित किया गया है। विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित उद्योग विभाग तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित प्रपत्र में वांछित जानकारी 03 दिवस के भीतर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कि संकलित जानकारी केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली को प्रेषित की जा सके। विशेष सचिव द्वारा उक्त प्रपत्र में कृषि विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से भी वांछित जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित विभाग उन्हे आबंटित कार्यों को तैयार कार्ययोजना में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करे एवं समय–समय पर की गई कार्यवाही से विभाग को अवगत कराए।

**विशेष सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
आवास एवं पर्यावरण विभाग

# Attendance Sheet

**Subject:- Meeting of the River Rejuvenation Committee constituted for implementation of Action plan prepared for rejuvenation of polluted river stretches.**

| **Date** | **Venue** |
|---|---|
| 16/10/2019 | Mantralaya Mahanadi Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur |

| S.No. | Name and Designation | Signature |
|---|---|---|
| 1 | A. K. Jain (Depty director) Dep. of Industries Raipur | [signature] 16/x/19 |
| 2 | J. K. Sahu (Asst. Director) Dept. of Industries, Raipur | [signature] 16.10.2019 |
| 3 | Hitesh Thakur (Asst. Engineer) UAD | [signature] 16/10/19 |
| 4 | Bhuvan Sharma (Consultant) UAD | [signature] 16/10/19 |
| 5. | O. Chandrasekhar SE UAD. | [signature] 16 X |
| | | |
| | | |